**कार्यालय : न्यायाधीश, कॉमर्शियल कोर्ट (जिला स्तर) अटल नगर नवा रायपुर,जिला रायपुर (छ0ग0)**

**(द्वितीय तल, योजना भवन, सेक्टर–19, अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)**

## सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

**कमांक 331 /दो–12–10 / 2022** **नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 07 / 09 / 2022**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | – 10 / 09 / 2022 | – | प्रातः 11:00 बजे से |
| आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | – 10 / 10 / 2022 | – | सायंकाल 5:00 बजे तक |

कार्यालय न्यायाधीश, कॉमर्शियल कोर्ट, जिला स्तर नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर की स्थापना में निम्नानुसार डाटा एन्ट्री आपरेटर, टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक के रिक्त पदों की सीधी भर्ती से पूर्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

### रिक्त पदों का विवरण

| क्र | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | वेतन लेवल | अनारक्षित | | | | आरक्षित पद – अनुसूचित जनजाति | | | | आरक्षित पद – अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | आरक्षित पद – अनुसूचित जाति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग |
| 01 | डाटा एण्ट्री आपरेटर | 02 | Level- 6 | 01 | – | – | – | 01 | – | – | – | – | – | – | – | | – | – | – |
| 02 | टायपिस्ट | 01 | Level - 4 | 01 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | | – | – | – |
| 03 | आदेशिका लेखक | 01 | Level - 4 | – | – | – | – | 01 | – | – | – | – | – | – | – | | – | – | – |
| | कुल पद | 04 | | 02 | – | – | – | 02 | – | – | – | – | – | – | – | | – | – | – |

महत्वपूर्ण टीप –

1. **पदों की संख्या परिवर्तनीय है ।**
2. **दिनांक 04/09/2019 को राजपत्र में प्रकाशित अध्यादेश के अनुसार तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार आरक्षण का प्रतिशत निर्धारित किया जावेगा ।**
3. **माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय छत्तीसगढ के निर्णयानुसार आरक्षण निर्धारित किया जावेगा ।**

### –: भर्ती की पात्रता एवं शर्ते :–

**1. डाटा एण्ट्री आपरेटर के पद के लिए :–**

अ – छत्तीसगढ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 अंतर्गत वेतन मेट्रिक्स लेवल–06 (रूपये 25300–80500)

ब – शैक्षणिक योग्यता :–

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए ।
2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक की परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी0जी0डी0सी0ए0 की परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र ।

**टीप –** 1. डाटा एण्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) ।

2. Linux and Ubuntu Operating System का ज्ञान (कौशल परीक्षा ली जाएगी)

**2. टायपिस्ट, आदेशिका लेखक पद के लिए :–**

अ – छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 अंतर्गत वेतन मेट्रिक्स लेवल–04 (रूपये 19500–62000)

ब – शैक्षणिक योग्यता :–

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए ।
2. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र ।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (D.C.A.) की परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र के साथ एम.एस.वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान ।

**टीप –** 1. कम्प्यूटर में हिन्दी/अंग्रेजी टायपिंग का 5000 की (Key)डिप्रेशन प्रति घंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी )

2. Linux and Ubuntu Operating System का ज्ञान (कौशल परीक्षा ली जाएगी)

**–: आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्ते :–**

**1. आयु सीमा –**

**प्रत्येक अभ्यर्थी पात्र होगें, जिनकी आयु 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छ.ग. के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थी के लिए उच्चतर आयु सीमा 40 वर्ष होगी । छत्तीसगढ राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडे वर्ग** (गैर कीमीलेयर), महिला इत्यादि के लिए अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा जो छूट दी गई है, वे छूट यथावत लागू रहेगी तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देशों के आधार पर अभ्यर्थियों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार की छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

छ0ग0 राज्य के बाहर अन्य राज्यो के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**2. अन्य शर्तें –**

(1) रोजगार कार्यालय में उनका जीवित पंजीयन हो (कार्यरत शासकीय सेवकों को छूट होगी)

(2) चयनित उम्मीदवारों को छत्तीसगढ शासन वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर के वित्त निर्देश कमांक 372/260/वि/नि/चार/2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29/07/2020 एवं सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 28 जुलाई 2020 की अधिसूचना के आधार पर चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति तीन वर्ष की परिवीक्षा पर की जावेगी एवं उक्त परिवीक्षाधीन अवधि पर नियुक्त सेवकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में कमशः उस पद के वेतनमान के न्यूनतम **70%, 80%, 90%** राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगा, किन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेंड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होगें ।

(3) चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास प्रमाण पत्र असत्य पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उनकी सेवा समाप्त किया जाकर दाण्डिक कार्यवाही संस्थित की जा सकेगी ।

(4) उपरोक्त पदों की भर्ती प्रकिया/ चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(5) आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है ।

(6) जो अभ्यर्थी शासकीय सेवा/निगम/ मण्डल/ उपकम में कार्यरत हैं, उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी /कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(7) कोई पुरूष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नि जीवित हो और कोई महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नि जीवित है वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने का विशेष कारण है, तो ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा ।

(8) कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

(9) यदि विज्ञापित रिक्त पदों के विरूद्ध अत्यधिक संख्या में आवेदन प्रस्तुत होते हैं, तो ऐसे पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकेगी । जिसकी नियुक्ति हेतु चयन विधि से यथा समय अवगत कराया जायेगा ।

## आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

1— आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र **दिनांक 10/10/2022 की संध्या 5.00 बजे** तक बंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से **आवेदित पद— डाटा एण्ट्री आपरेटर, टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक के पद नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र** लिखा हो, **न्यायाधीश, कामर्शियल कोर्ट(जिला स्तर), द्वितीय तल, योजना भवन, सेक्टर 19,नया रायपुर (छ0ग0) पिन कोड नबर 492002 के कार्यालय में रखे ड्राप बॉक्स पर डाले जा सकेगें । पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा । दिनांक 10/10/2022 की संध्या 5:00 बजे के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास विकलांगता आदि से संबंधित समस्त आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना आवश्यक होगा ।**

**2— विज्ञापन व आवेदन पत्र के प्रारूप की प्रति कामर्शियल कोर्ट(जिला स्तर), नया रायपुर के वेबसाईट https://commercialcourt.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।**

**3— ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें प्रत्येक पद हेतु पृथक—पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम लिखना अनिवार्य है । अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे एक से अधिक पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं तो वे एक ही तिथि में पृथक—पृथक आवेदन प्रेषित करें ।**

**4— आवेदन पत्र में चस्पा रंगीन स्वतः का नाम लिखा हुआ एवं दिनांक सहित स्वप्रमाणित फोटो होना चाहिये तथा पहचान के रूप में आधार कार्ड/ वोटर कार्ड/ ड्रायविंग लायसेंस/ पेन कार्ड आदि की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।**

**5— ई—मेल, फैक्स के द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे ।**

**6— बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा ।**

**7— आवेदक को चाहिए कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी अत्यंत सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण भरें । आवेदन पत्र में त्रुटि तथा किसी भी प्रकार की अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना सूचना दिये चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा ।**

## चयन प्रक्रिया

1— उम्मीदवारों को डाटा एण्ट्री आपरेटर, टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक के पद हेतु कम्प्यूटर की प्रायोगिक परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र कामर्शियल कोर्ट (जिला स्तर), नया रायपुर की वेबसाईट **https://commercialcourt.cg.gov.in/** से अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित हो सकेंगे । परीक्षा का स्थान एवं तिथि की सूचना बाद मे दी जावेगी। डाटा एण्ट्री आपरेटर, के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) एवं टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक पद के लिए हिन्दी/अंग्रेजी में टायपिंग की गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) प्रायोगिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर रिक्त पदों पर तीन गुना तक अभ्यर्थी साक्षात्कार परीक्षा हेतु आमंत्रित किये जायेगे। प्रायोगिक परीक्षा मे अंतिम क्रमांक पर एक समान अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारो की संख्या एक से अधिक होने पर साक्षात्कार परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारो की संख्या 3:1 से कम या अधिक हो सकती है। प्रायोगिक परीक्षा के उम्मीदवार के प्राप्तांकों के आधार पर चयन हेतु श्रेणी/वर्गवार मेरिट—लिस्ट बनाई जायेगी। परंतु ऐसे उम्मीदवारों का कोई अधिकार तब तक नहीं होगा, जब तक कि, नियुक्तिकर्ता अधिकारी का ऐसी जांच के बाद, जो आवश्यक समझी जाए, इस बात से समाधान न हो जाए कि, उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से योग्य है।

**प्रायोगिक कौशल परीक्षा में निम्नानुसार पूर्णांक रहेंगे–**

1. **डाटा एण्ट्री आपरेटर, टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक कम्प्यूटर टायपिंग– 100 अंक, साक्षात्कार– 20 अंक**

2. चयनित उम्मीदवार के प्रमाण पत्रों के संबंध में यदि किसी आवेदक को दावा /आपत्ति हो तो 30 दिन के भीतर इस कार्यालय मे प्रस्तुत करेगा। उक्त समयावधि में कोई अभ्यावेदन प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जावेगा कि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति नहीं है। तत्पश्चात डाटा एन्ट्री आपरेटर, टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक के चयनित उम्मीदवारों का ,पुलिस सत्यापन कराने, तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जाएगा, तथा आरक्षित वर्ग के चयनित उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर से किए जाने के बाद ही सेवा में लिया जाएगा। प्रमाण पत्रों की जांच में विपरीत टिप्पणी प्राप्त होने पर सेवा से पृथक किया जा सकेगा तथा वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी। उपरोक्त पद पर प्रावीण्य सूची के साथ ही प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जो अधिकतम एक वर्ष के लिए वैध होगी।

## चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची

कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जावेगी, जिसमें से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की चयन सूची एवं वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी । प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथी से एक वर्ष तक प्रभावशील रहेगी । समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जावेगी । जन्मतिथि समान होने पर अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार जिस आवेदक का नाम प्रथम आएगा, उनका चयन किया जावेगा । चयनित उम्मीदवार की सर्वप्रथम अनंतिम सूची (Provisional List) तैयार की जावेगी, जिसका प्रकाशन कार्यालय के वेबसाईट एवं कार्यालय की सूचना पटल में किया जावेगा । चयनित उम्मीदवार के प्रमाण पत्रों के संबंध में यदि किसी को दावा/ आपत्ति हो तो 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा । उक्त समयावधि में कोई अभ्यावेदन प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जावेगा कि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति नहीं है । तत्पश्चात् चयनित उम्मीदवारों को जिला चिकित्सालय में चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जाएगा, तथा आरक्षित वर्ग में चयनित उम्मीदवारों को जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान छ0ग0 रायपुर से किए जाने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा । प्रमाण पत्रों की जांच में विपरीत टिप्पणी प्राप्त होने पर सेवा से पृथक किया जा सकेगा तथा वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी । उपरोक्त पद पर प्रावीण्य सूची के साथ ही प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जो अधिकतम एक वर्ष के लिए वैध होगी ।

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर का पत्र कमांक 1269/23/मु.म.नि./2014/1–7, दिनांक 23/08/2014 के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता दी जावेगी ।
2. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
3. चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वस्थता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा ।
4. चयनित उम्मदवारों को जिसे नियुक्ति आदेश जारी किये गये हों, कार्यभार ग्रहण किये जाने के पश्चात् पुलिस सत्यापन नियमानुसार कराया जायेगा, आपराधिक गतिविधिं में शामिल पाये जाने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी ।
5. चयन प्रकिया के संबंध में चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता /अपात्रता के संबंध में न्यायाधीश, कॉमर्शियल कोर्ट, जिला स्तर, नवा रायपुर का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा ।
6. उक्त नियुक्ति, आरक्षण के संबंध में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट पिटीशन कमांक सी) 591/2012, 592/2012, 593/ 2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाला अंतिम आदेश/ निर्णय के अध्यधीन किया जावेगा ।
7. यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताए, किसी भी समय निरस्त की जा सकेगी ।
8. जो अभ्यर्थी चयन प्रकिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जायेगी ।

9. आवेदक को कॉमर्शियल कोर्ट की वेबसाईट https://commercialcourt.cg.gov.in/से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा हेतु उपस्थित होना होगा । पृथक से कोई प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया जावेगा । आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी को नवीनतम रंगीन फोटो चस्पा कर एवं स्वहस्ताक्षरित कर, प्रस्तुत करना होगा । साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज यथा आधार कार्ड, वाहन चालन लाइसेंस, मतदाता परिचय पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होवें, अन्यथा की दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकेगा ।

10. कौशल परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र पर अंकित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहना होगा । उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा । अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में परीक्षा एक से अधिक पाली में ली जा सकेगी ।

11. प्राप्त आवेदन पत्रों की परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन कॉमर्शियल कोर्ट की वेबसाईट https://commercialcourt.cg.gov.in/ पर अपलोड किया जावेगा तथा सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा । उक्त प्रकाशन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो आवेदक 07 दिवस के भीतर स्वतः आकर लिखित आपत्ति चयन समिति के समक्ष पेश कर सकेंगे । अंतिम पात्र सूची आपत्ति के निराकरण पश्चात् वेबसाईट https://commercialcourt.cg.gov.in/ पर प्रकाशित की जायेगी ।

12. आवेदक परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र के प्रोफार्मा को स्वयं भरकर परीक्षा के लिये निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्वउपस्थित होगें, विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा ।

<u>महत्वपूर्ण टीप :—</u>

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं । आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें । परीक्षा में शामिल किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है । चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को अनर्ह पाये जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर उम्मीदवारी समाप्त मानी जावेगी । कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर नियुक्ति के पश्चात् भी कभी भी सेवा समाप्त की जा सकेगी ।

8/9/2022

**(श्रीमती संजया रात्रे)**
**रजिस्ट्रार**
**कामर्शियल कोर्ट (जिला स्तर)**
**नया रायपुर (छ०ग०)**

**स्थान — अटल नगर नवा रायपुर**
**दिनांक 07/09/2022**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

**(डाटा एन्ट्री आपरेटर, टायपिस्ट एवं आदेशिका लेखक के पदों पर नियुक्ति हेतु)**

| आवेदक का स्व हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो |
|---|

प्रति,

**न्यायाधीश,**
**कामर्शियल कोर्ट (जिला स्तर)**
द्वितीय तल, योजना भवन,
अटल नगर नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)

1. आवेदित पद का नाम :— ____________________
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :— ____________________
   (अंग्रेजी के ब्लॉक लेटर्स में) :— ____________________
3. लिंग – पुरूष संकेतक–1, महिला संकेतक–2 [ ]
4. पिता/पति का नाम :— ____________________
5. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :— ____________________
   (हिन्दी में) ____________________
   (ब) स्थाई पता :— ____________________
   ____________________
   ____________________
6. (अ) जन्म तिथि अंकों में :— वर्ष_____ माह _____ दिन _____
   शब्दों में :— ____________________
   (ब) दिनांक 01.01.2022 को आयु :— वर्ष_____ माह _____ दिन _____
7. आवेदक का मोबाईल नंबर :— ____________________
8. क्या आवेदक छ0ग0 का मूल निवासी है? हॉ/नहीं :— ____________________
   (यदि हॉ, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)
9. क्या आवेदक छ0ग0 शासन द्वारा छ0ग0 राज्य :— ____________________
   के लिए घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है? हॉ/नहीं
   (यदि हॉ, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)
10. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग अंकित करें ।
11. क्या आवेदक विकलांग है ? हॉ/नहीं
    (यदि हॉ, तो विकलांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)
12. विकलांगता का प्रकार :— ____________________
    (विकलांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें। )
13. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हॉ/नहीं :— ____________________
    (यदि हॉ, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)

14. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (सत्यापित प्रति संलग्न करें) :– ______________________

15. क्या आप विवाहित है ? हॉ/नहीं :– ______________________

16. यदि विवाहित है, तो विवाह की तिथि :– ______________________

17. जीवित बच्चों की संख्या :– ______________________

18. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक /पूर्णाक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

19. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत है? हॉ/नहीं :– __________

(यदि हॉ, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)

20. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में अनुसंधान/विचारण हेतु लंबित है, अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है ? हॉ, तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से अनिवार्यता उल्लेख करे

:– ______________________

21. स्वप्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

टीप – प्रमाण पत्र क्रमानुसार संलग्न करें ।

1.
2.
3.
4.
5.
6.
7.

(आवेदक के हस्ताक्षर)

(आवेदक का नाम ..........................................)

**–: घोषणा :–**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि, इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि उनमें कोई भी तथ्य असत्य पायी जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक :– ..............................

स्थान :– ..............................

(आवेदक के हस्ताक्षर)

**आवेदक का नाम एवं पूरा पता**

**मोबाईल नं.** –

**ई–मेल** –